# असली सोना छोटे किसान व एमएसएमई : अजय बंगा

## विश्व बैंक के अध्यक्ष ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और निर्माण क्षेत्र को सराहा, कहा- 12 साल में बदल गया यूपी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने यूपी के विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का असली सोना छोटे किसान और छोटे उद्यमी हैं।

बंगा ने शुक्रवार को लखनऊ पहुंचकर कहा, ऐसा लग रहा है मानो मैं अपने घर वापस आया हूं। यूपी में मेरा ससुराल है। यहां 12 साल बाद आकर हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं। प्रदेश नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ में विजन, दृढ़ता और ऊर्जा है। उन्होंने कौशल विकास पर सरकार के जोर देने को युवाओं के लिए गेम-चेंजर बताया।

अजय बंगा ने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था, बेहतर बुनियादी ढांचा, सुदृढ़ कनेक्टिविटी ने प्रदेश को निवेश और विकास के लिए आदर्श बनाया है। प्रदेश के छोटे किसानों को राज्य की सबसे बड़ी ताकत करार देते हुए कहा कि किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते। उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्नत खेती से ही वे समृद्धि हासिल कर सकते हैं।

विश्व बैंक अध्यक्ष ने निर्माण सेक्टर में प्रदेश की क्षमता को असाधारण बताया। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में यूपी को बड़ा केंद्र बताया। कारोबार की सुगमता के लिए योगी सरकार के बनाए अनुकूल माहौल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये निवेशकों के लिए राज्य को आकर्षक बनाता है। बंगा ने रेडिमेड मील फॉर मदर योजना की तारीफ करते हुए इसे मातृ स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में अनुकरणीय कदम बताया।

>> 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने में विश्व बैंक की अहम भूमिका : पेज 2



लखनऊ में सीएम आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करते विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा। स्रोत : सूचना विभाग

### प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं

बंगा ने कहा कि यूपी में धार्मिक, सांस्कृतिक और ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। ये इसे वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिला सकता है। यहां का खानपान और हस्तशिल्प न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय हैं।